उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर

//ज्ञापन//

क्रमांक A/3947/चार-12-5/2023 जबलपुर, दिनांक 12/07/2023

प्रति,

1. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश.........(म.प्र. राज्य के समस्त)।
2. प्रधान न्यायाधीश,कुटुम्ब न्यायालय........(म.प्र. राज्य के समस्त)।

विषयः- यूनिक एम्पलाई कोड को IFMIS में Join कराये जाने बावत।

--00--

उपरोक्त विषय के संबंध में लेख है कि रजिस्ट्री द्वारा म0प्र0 न्यायिक सेवाए(वेतन, पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति लाभों का पुनरीक्षण) नियम, 2022 के अंतर्गत दिनांक 01.01.2016 से वर्तमान तक सेवानिवृत्त उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारियों के किये गये पुनरीक्षित वेतन निर्धारण की IFMIS में प्रविष्टि दर्ज किया जाना है। दिनांक 01.01.2016 के पश्चात् सेवानिवृत्त कुछ उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारियों के यूनिक एम्पलाई कोड IFMIS में उपलब्ध नहीं है। इस कारण उनका पुनरीक्षित वेतन निर्धारण की IFMIS में प्रविष्टि दर्ज नहीं हो पा रही है।

निर्देशानुसार अतः आपसे अनुरोध है कि आपकी स्थापना से दिनांक 01.01.2016 के पश्चात् सेवानिवृत्त हुये उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारियों के यूनिक एम्पलाई कोड को IFMIS में Join करावे ताकि पुनरीक्षित वेतन निर्धारण की IFMIS में प्रविष्टि दर्ज की जा सके। यदि यूनिक एम्पलाई कोड Join कराने में कोई तकनीकि समस्या उत्पन्न होने पर संबंधित जिला कोषालय अधिकारी/संचालक कोष एवं लेखा, भोपाल से मार्गदर्शन प्राप्त कर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

7.7.23

(अजय पवार)
रजिस्ट्रार(एम)

पृष्ठांकन क्र0 A/3948/चार-12-5/2023 जबलपुर, दिनांक 12/07/2023

प्रतिलिपिः-

1. आयुक्त, कोष एवं लेखा, भोपाल की ओर इस अनुरोध के साथ दिनांक 01.01.2016 के पश्चात् सेवानिवृत्त हुये उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारियों के यूनिक एम्पलाई कोड को IFMIS में Join कराने हेतु सुविधा उपलब्ध कराये।

2. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ग्वालियर के कार्यालय के पृष्ठांकन क्रमांक 1415/दो-11-07/2022 दिनांक 23.06.2023 संदर्भ में लेख है कि, श्री अरूण सिंह तोमर, सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यूनिक एम्पलाई कोड 180006951 को रजिस्ट्री के लॉगिन आई0डी0 में रजिस्ट्री द्वारा किये गये पुनरीक्षित वेतन निर्धारण की IFMIS में प्रविष्टि दर्ज किये जाने हेतु सर्च किया गया है लेकिन यूनिक कोर्ड IFMIS में सर्च नहीं हो रहा है। श्री रामनारायण चौधरी, सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश का यूनिक कोड IFMIS में सर्च होने से रजिस्ट्री द्वारा किये गये पुनरीक्षित वेतन निर्धारण की IFMIS में प्रविष्टि दर्ज की जा चुकी है। अतः श्री तोमर यूनिक कोड को IFMIS में Join कराने कष्ट करें।

3. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, राजगढ़ के पत्र क्रमांक 233 दि. 25.04.2023, क्र. 294 दि. 05.06.2023 क्र. 331 दि. 16.06.2023 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

4. श्री हरिनिवास बाजपेयी, सेवानिवृत्त उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारी, A-1204, Concorde Manhattans, Electronic, City -Phase-1, Bengaluru, Karnatak. Pin-560100 की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

4. असिस्टेंट रजिस्ट्रार(एम)(लेखा अनुभाग), उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

7.7.23

रजिस्ट्रार(एम)

डेमन